**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4292**
**दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**निजी अस्पतालों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर**

†4292. **डॉ. गणपथी राजकुमार पी:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि निजी अस्पताल देश में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या ऐसे शिविर आयोजित करने के लिए कोई अनुमति प्रदान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि निजी अस्पतालों ने ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों के दौरान रोगियों की झूठी जांच करके लोगों को बहला-फुसलाकर अस्पतालों में बुलाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने उक्त अस्पतालों को उन रोगियों के व्यक्तिगत ब्यौरे जैसे आधार कार्ड, संपर्क नम्बर आदि एकत्र न करने के लिए कोई अधिसूचना जारी की है जिनका दुरुपयोग किया जा सकता है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ङ): संवैधानिक उपबंधों के अनुसार 'स्वास्थ्य' राज्य का विषय है। इसलिए, यह संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्राथमिक उत्तरदायित्व है कि वे निजी अस्पतालों द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों को नोट करें, ऐसे शिविरों को आयोजित करने की अनुमति प्रदान करें और अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर इस संबंध में कोई निर्देश/अधिसूचनाएं जारी करें। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इनका ब्यौरा केन्द्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

***